ओशो इंटरनॅशनल फाउंडेशन विश्व भर में लोगों को जागरूक करने के प्रशंसनीय कार्य के लिए लायन्स क्लब इंटरनॅशनल, मुंबई द्वारा सन्मानित

"पब्लिक सर्विस वीक" शीर्षक के अंतर्गत अयोजित एक कार्यक्रम में मुंबई में लायन्स क्लब इंटरनॅशनल ने ओशो इंटरनॅशनल फाउंडेशन को एक शानदार पुरस्कार प्रदान किया। ओशो इंटरनॅशनल यह संस्था ओशो की ध्यान विधियां, उनकी पुस्तके, ऑडियो व वीडियो इन्हें प्रकाशित कर विश्व भर में लाखों लोगों की आध्यात्मिक प्यास बुझा रहा है, इसके मद्देनज़र यह पुरस्कार दिया गया। फाउंडेशन की एक ट्रस्टी मा अमृत साधना ने फाऊंडेशन की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

ओशो इंटरनॅशनल फाउंडेशन को लिखे हुए एक गौरव पत्र में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन दिनेश शहा ने लिखा है:" आपकी संस्था योग, ध्यान व अन्य आत्मविकास संबंधी पद्धतियों का प्रशिक्षण देकार लाखो लोगों की सहायता कर रही है । विशेषतः जात,

वर्ण, वा विशिष्ट सामाजिक स्थान इनका विचार न कर सभी जिज्ञासुओं को यह शिक्षण ग्रहण करने का अवसर दिया जा रहा है यह बहुत अच्छी बात है । इसके द्वारा शरीर, मन व आत्मा इनके त्रिविध विकास की सुविधा आप उपलब्ध कर रहे हैं। यह फाउंडेशन कला, विज्ञान व मानवतावादी विषयों के कोर्सेस भी उपलब्ध करवा कर यहां आनेवाले प्रत्येक स्त्री-पुरुष को आत्मविकास के द्वारा एक जागतिक नागरिक बनने के लिए प्रेरित कर रहा है।"

OSHO®

© 2013 OSHO International
Copyright & Trademark Information